**SET – 1**

**Series : TYM**

कोड नं.
**Code No.** **32/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10** + **1** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **26** प्रश्न हैं । **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*(iii) प्रश्न संख्या **1** से 7 तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv) प्रश्न संख्या **8** से **18** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v) प्रश्न संख्या **19** से **25** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi) प्रश्न संख्या **26** मानचित्र से सम्बंधित है । इसके दो भाग हैं **26(A)** और **26(B)** । **26(A) 2** अंक का इतिहास से तथा **26(B) 3** अंक का भूगोल से है । मानचित्र का प्रश्न पूर्ण होने पर उसे अपनी उत्तर–पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।*

*(vii) पूर्ण प्रश्न–पत्र में विकल्प नहीं हैं । फिर भी कई प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं । ऐसे सभी प्रश्नों में से प्रत्येक से आपको **एक** ही विकल्प हल करना है ।*

***General Instructions :***

*(i) The question paper has **26** questions in all. **All** questions are **compulsory.***

*(ii) Marks are indicated against each question.*

*(iii) Questions from serial number **1** to 7 are Very Short Answer type Questions. Each question carries **one** mark.*

*(iv) Questions from serial number **8** to **18** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v) Questions from serial number **19** to **25** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi) Question number **26** is a map question. It has two parts **26(A)** and **26(B)**. **26(A)** of **2** marks from History and **26(B)** of **3** marks from Geography. After completion attach the map inside your answer book.*

*(vii) There is no overall choice. However, internal choice has been provided in some questions. You have to attempt only **one** of the alternatives in all such-questions.*

1. 1885 में यूरोप के ताकतवर देशों की बर्लिन में बैठक क्यों हुई ? **1**

**अथवा**

सत्रहवीं और अठारहवीं शताब्दियों में यूरोपीय शहरों के सौदागर गाँवों की ओर रुख क्यों करने लगे थे ?

**अथवा**

1887 में लिवरपूल के एक जलपोत मालिक चार्ल्स बूथ ने ईस्ट एंड (पूर्वी छोर) में लंदन के अल्पकुशल मजदूरों का पहला सामाजिक सर्वेक्षण क्यों किया ?

Why were big European powers met in Berlin in 1885 ?

**OR**

Why were merchants from towns in Europe began to move countryside in seventeenth and eighteenth centuries ?

**OR**

Why did Charles Booth, a Liverpool ship owner conduct the first social survey of low skilled workers in the East End of London in 1887 ?

2. 'रोमन कैथलिक चर्च' ने प्रकाशकों और पुस्तक विक्रेताओं पर पाबंदियाँ क्यों लगाई ? **1**

**अथवा**

उपन्यास जनभाषा का उपयोग क्यों करते हैं ?

Why did the Roman Catholic Church impose control over publishers and booksellers ?

**OR**

Why do novels use vernacular ?

3. उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण कीजिए। **1**

Classify resources on the basis of origin.

4. 'चुनौती कोई समस्या नहीं है, बल्कि उन्नति का अवसर है ।' कथन का विश्लेषण कीजिए । **1**

'A challenge is not just any problem but an opportunity for progress.' Analyse the statement.

5. आय के अतिरिक्त विकास के किन्हीं दो लक्ष्यों का उल्लेख कीजिए । **½ + ½ = 1**

State any two goals of development other than income.

6. जब हम प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके वस्तुओं का उत्पादन करते हैं, तो इस प्रकार की गतिविधियाँ किस आर्थिक क्षेत्रक के अंतर्गत आती हैं ? **1**

When we produce goods by exploiting natural resources, in which category of economic sector such activities come ?

7. साख (ऋण) के अनौपचारिक क्षेत्रक के कोई दो उदाहरण दीजिए । **½ + ½ = 1**

Give any two examples of informal sector of credit.

8. 'रिन्डरपेस्ट' का 1890 के दशक में अफ्रीका के लोगों की आजीविका और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभावों का वर्णन कीजिए । **3 × 1 = 3**

**अथवा**

19वीं शताब्दी में भारतीय बुनकरों की किन्हीं तीन प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

19वीं शताब्दी के दौरान लंदन को साफ–सुथरा करने के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का वर्णन कीजिए ।

Describe the impact of 'Rinderpest' on people's livelihoods and local economy in Africa in the 1890s.

**OR**

Describe any three major problems faced by Indian cotton weavers in nineteenth century.

**OR**

Describe any three steps taken to clean up London during nineteenth century.

9. " 'मुद्रण क्रांति' ने सूचना और ज्ञान से उनके संबंधों को बदलकर लोगों की जिन्दगी बदल दी ।" कथन का विश्लेषण कीजिए । **3 × 1 = 3**

**अथवा**

जेन ऑस्टिन और शारलॉट ब्रॉण्ट द्वारा क्रमशः लिखित 'प्राइड एण्ड प्रेज्युडिस' तथा 'जेन आयर' उपन्यासों की विषय-वस्तु में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

"The 'Print Revolution' had transformed the lives of people changing their relationship to information and knowledge." Analyse the statement.

**OR**

Distinguish between the themes of 'Pride and Prejudice' and 'Jane Eyre' novels written by Jane Austen and Charlotte Bronte respectively.

10. भारत में उद्योगों की बढ़ती हुई संख्या के कारण अलवणीय जल संसाधनों पर दबाव किस प्रकार बढ़ रहा है ? व्याख्या कीजिए । **3 × 1 = 3**

How has the ever increasing number of industries in India made worse position by exerting pressure on existing fresh water resources ? Explain.

11. "सघन और सक्षम परिवहन का जाल स्थानीय और राष्ट्रीय विकास हेतु पूर्व-अपेक्षित है ।" कथन का विश्लेषण कीजिए । **3 × 1 = 3**

"Dense and efficient network of transport is a pre-requisite for local and national development." Analyse the statement.

12. तीसरे प्रकार की शासक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और शक्तिशाली बनाने के लिए 1992 में 'भारतीय संविधान' में किए गए संशोधन के किन्हीं तीन प्रावधानों का वर्णन कीजिए । **3 × 1 = 3**

Describe any three provisions of amendment made in 'Indian Constitution' in 1992 for making 'Three-Tier' government more effective and powerful.

13. सामाजिक विभाजन की राजनीति के परिणामों को निर्धारित करने वाले तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । **3 × 1 = 3**

Explain the three factors that are crucial in deciding the outcome of politics of social divisions.

14. "धर्म-निरपेक्षता कुछ व्यक्तियों या पार्टियों की एक विचारधारा नहीं है, परंतु यह हमारे देश की नींवों में से एक है ।" कथन की परख कीजिए । **3 × 1 = 3**

"Secularism is not an ideology of some political parties or persons, but it is one of the foundations of our country." Examine the statement.

15. धारणीयता का मुद्दा विकास के लिए किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **3 × 1 = 3**

How is the issue of sustainability important for development ? Explain with examples.

16. संगठित और असंगठित क्षेत्र की सेवा शर्तों में अंतर स्पष्ट कीजिए । **3 × 1 = 3**

Distinguish the service conditions of organized sector with that of unorganized sector.

17. देश के विकास के लिए सस्ता और सामर्थ्य के अनुकूल कर्ज आवश्यक क्यों है ? किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए । **3 × 1 = 3**

Why is cheap and affordable credit important for the country's development ? Explain any three reasons.

18. बाजार में शोषण से बचाने के लिए उपभोक्ताओं में जागरूकता कैसे फैलाई जा सकती है ? किन्हीं तीन तरीकों को स्पष्ट कीजिए । **3 × 1 = 3**

How can consumer awareness be spread among consumers to avoid exploitation in the market place ? Explain any three ways.

19. यूरोप में 1871 के बाद बाल्कन क्षेत्र में बनी विस्फोटक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। **5 × 1 = 5**

**अथवा**

वियतनाम में उपनिवेशवाद के विरुद्ध भावनाओं के विकास में विभिन्न धार्मिक समूहों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

Describe the explosive conditions prevailed in Balkans after 1871 in Europe.

**OR**

Describe the role of different religious groups in the development of anti-colonial feelings in Vietnam.

20. 'असहयोग आंदोलन' किस प्रकार शहरी मध्य वर्ग की हिस्सेदारी के साथ शहरों में शुरू हुआ ? आर्थिक मोर्चे पर इसके प्रभावों की व्याख्या कीजिए। **2 + 3 = 5**

**अथवा**

कांग्रेस, संगठन में महिलाओं को किसी भी महत्त्वपूर्ण पद पर जगह देने से क्यों हिचकिचाती रही ? महिलाओं ने सविनय अवज्ञा आंदोलन में किस प्रकार भाग लिया ? स्पष्ट कीजिए।

How did Non-Cooperation movement start with participation of middle class people in the cities ? Explain its impact on the economic front.

**OR**

Why was Congress reluctant to allow women to hold any position of authority within the organisation ? How did women participate in Civil Disobedience Movement ? Explain.

21. "1980 व 1990 के दशक में भारत सरकार ने कृषि सुधार के लिए अनेक संस्थागत तथा प्रौद्योगिकीय सुधारों की शुरुआत की।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। **5 × 1 = 5**

**अथवा**

भारत में प्रचलित 'गहन जीविका कृषि' और 'वाणिज्यिक कृषि' की तुलना कीजिए।

"The Government of India has introduced various institutional and technological reforms to improve agriculture in the 1980s and 1990s." Support this statement with examples.

**OR**

Compare 'intensive subsistence farming' with that of 'commercial farming' practiced in India.

22. किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उद्योगों के विकास से क्यों मापी जाती है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5 × 1 = 5**

Why is the economic strength of a country measured by the development of manufacturing industries ? Explain with examples.

23. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के किन्हीं पाँच प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए । **5 × 1 = 5**

Describe any five major functions of political parties performed in a democracy.

24. "व्यक्ति की आजादी और गरिमा के मामले में लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी भी अन्य शासन प्रणाली से काफी आगे है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

"लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ शांति और सद्भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए मददगार साबित होती है ।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए ।

"Democracy stands much superior to any other form of government in promoting dignity and freedom of the individual." Justify this statement.

**OR**

"Democracies lead to peaceful and harmonious life among citizens." Justify this statement.

25. विदेशी व्यापार किस प्रकार विभिन्न देशों के बाजारों का एकीकरण कर रहा है ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए । **5 × 1 = 5**

**अथवा**

हम अपने दैनिक जीवन में वैश्वीकरण के प्रभावों का किस प्रकार अनुभव करते हैं ? उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए ।

How has foreign trade been integrating markets of different countries ? Explain with examples.

**OR**

How do we feel the impact of globalization on our daily life ? Explain with examples.

26. (A) दो लक्षण a और b दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(a) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ ।

(b) वह स्थान जहाँ गाँधीजी ने सूती मिल मजदूरों के पक्ष में सत्याग्रह किया ।

(B) इसी दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **3 × 1 = 3**

(i) राजा साँसी – अंतर्राष्ट्रीय हवाई–पत्तन

(ii) भद्रावती – लोहा एवं इस्पात संयंत्र

(iii) पश्चिमी बंगाल का सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

(A) Two features a and b are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked near them :

(a) The place where the Indian National Congress Session was held.

(b) The place where Gandhiji organized 'Satyagraha' in favour of cotton mill workers.

(B) Locate and label the following with appropriate symbols on the same given outline political map of India.

(i) Raja Sansi – International Airport

(ii) Bhadravati – Iron and Steel Plant

(iii) Software Technology Park of West Bengal

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं : 5 × 1 = 5**

(i) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने सत्याग्रह किया था ।

(ii) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा था ।

(iii) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ राजा साँसी अंतर्राष्ट्रीय हवाई–पत्तन स्थित है ।

(iv) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ सलेम लोहा एवं इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(v) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नरोरा आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

**Note: The following questions are for the Visually Impaired candidates only in lieu of Q. No. 26 :**

(i) Name the state where the Indigo planters organized Satyagraha.

(ii) Name the state where Gandhiji violated the Salt Law.

(iii) Name the state where Raja Sansi International Airport is located.

(iv) Name the state where Salem Iron and Steel Plant is located.

(v) Name the state where Narora Nuclear Power Plant is located.

यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here

प्रश्न सं. 26 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 26

**भारत का रेखा–मानचित्र (राजनीतिक)**
**Outline Map of India (Political)**

